**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल की बधाई

## आकाशवाणी और दूरदर्शन से राज्यपाल के सन्देश का प्रसारण 26 जनवरी को

लखनऊः 25 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को सुख, समृद्धि एवं शांति के लिये अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में समस्त शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उनके त्याग और बलिदान के कारण ही हमारा देश आज एक सशक्त जनतंत्र के रूप में पूरे विश्व में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि हम सबको देश की एकता और राष्ट्रीय एकीकरण की भावनाओं को अमली जामा पहनाने के प्रति अपने को समर्पित करते हुए एक मजबूत एवं समृद्ध भारतीय गणतंत्र राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है, जिससे महान भारतीय नेताओं के सपनों को साकार किया जा सके।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल का जनता के नाम सन्देश का प्रसारण दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ से 26 जनवरी, 2016 को प्रातः 8.30 बजे और आकाशवाणी केन्द्र, लखनऊ से रात्रि 8.00 बजे प्रसारित किया जायेगा।

------

अंजुम/रा0/राजभवन-(28)